21.10.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ राज्य में विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस में मंथन–प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने गठबंधन की संभावनाओं को खारिज किया।

○ प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के रेजीडेन्ट डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित।

○ देश में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आज से ई–श्रम पोर्टल शुरू।

○ राज्य में कई स्थानों पर हुई बारिश से खेतों में कटी हुई फसलों को नुकसान।

000

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों ने रणनीति बनाना शुरू कर दिया है। भाजपा ने उपचुनाव के लिए सात में से छह सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। वहीं विधानसभा क्षेत्र चौरासी के लिए उम्मीदवार का चयन बाकी है, जहां भाजपा उम्मीदवार का नाम जल्द फाइनल करेगी। इस उपचुनाव के लिए कांग्रेस खेमे से अभी तक किसी भी सीट से उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई है।

उपचुनाव को लेकर आज कांग्रेस की प्रदेश कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक हुई। पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, भंवर जितेंद्र सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी सहित अन्य नेताओं ने भाग लिया। इन नेताओं ने चुनाव की रणनीति को लेकर चर्चा की। बैठक के बाद श्री डोटासरा ने स्पष्ट किया है कि कांग्रेस उपचुनाव में किसी भी दल से गठबंधन नहीं करेगी।

उपचुनाव के लिए अब तक एक मात्र नामांकन दौसा सीट के लिए दाखिल किया गया है। इस बीच, आबकारी विभाग ने एक आदेश जारी कर उपचुनाव वाले क्षेत्रों में **11** नवम्बर को शाम **6** बजे से **13** नवम्बर शाम **6** बजे तक सूखा दिवस घोषित किया है। साथ ही मतगणना के दिन **23** नवम्बर को जिला मुख्यालय झुंझुनू, अलवर, दौसा, टोंक, नागौर, उदयपुर और जिला डूंगरपुर की नगरपालिका या नगर परिषद क्षेत्र में भी सूखा दिवस घोषित किया गया है।

000

विधानसभा उपचुनाव के दौरान सात निर्वाचन क्षेत्रों में बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी जाएगी। 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता घर पर रहकर ही वोट डालने के लिए 23 अक्टूबर तक बीएलओ के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने सम्बंधित विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पात्र मतदाताओं को आवेदन के आधार पर नियमानुसार होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। होम वोटिंग के लिए अब तक 2 हजार 431 मतदाताओं की ओर से आवेदन मिले हैं।

000

संयुक्त राज्य अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने आज जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिसम्बर महीने में होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में श्री गार्सेटी और अमेरिकी निवेशकों को आमंत्रित किया। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य में अक्षय ऊर्जा, खनन, आईटी और विनिर्माण क्षेत्र में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों के राजस्थान में कैम्पस खोलने और डाटा सेन्टर के क्षेत्र में भी काम करने के लिए आमन्त्रित किया।

अमेरिकी राजदूत ने महिला विकास, ऊर्जा, शहरी विकास, खेलकूद के क्षेत्र में अमेरिका द्वारा सहयोग की इच्छा व्यक्त की। इससे पहले, अमेरिकी राजदूत और प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से मुलाकात की। इस दौरान अमेरिकी राजदूत ने राज्यपाल के साथ भारत में अपने अनुभव साझा किए।

000

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेन्ट समिट से पहले जिलों में हो रहे निवेश कार्यक्रमों के तहत आज झालावाड़ में इन्वेस्टर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ज़िला प्रभारी मंत्री ओटा राम देवासी ने निवेशकों का आह्वान किया कि वे जिले में अधिक से अधिक निवेश करें। उन्होंने बताया कि झालावाड में पर्यटन, कृषि और उद्यानिकी के क्षेत्र में प्रचुर संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन निवेशकों को हर संभव सहायता देंगे। जिला उद्योग और वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक अमृतलाल मीणा तथा रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक वी.के. विजय ने बताया कि जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट के दौरान 38 एमओयू प्राप्त हुए हैं। इनमें निकट भविष्य में 535 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश तथा दो हजार से अधिक लोगों के लिए रोजगार सृजन की संभावना है। पाली जिले की राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट 23 अक्टूबर को फालना में होगी। इसके लिए आज जिला कलेक्टर एल एन मंत्री और जिला उद्योग अधिकारी रज्जाक मोहम्मद ने समिट पुस्तिका का विमोचन किया।

000

प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के रेजिडेंट डॉक्टरों के हड़ताल पर जाने से स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ा है। इससे मेडिकल कॉलेजों के अस्पतालों में ओपीडी में लम्बी कतारें देखीं गयीं वहीं सैंकड़ों ऑपरेशन टाल दिये गये हैं। अकेले जयपुर के सवाई मान सिंह अस्पताल में आज 100 से ज्यादा सर्जरी स्थगित करनी पड़ी। एसएमएस अस्पताल के इमरजेंसी डिपार्टमेंट ने कॉलेज प्रिंसिपल को पत्र लिखकर हड़ताल पर जाने वाले पीजी रेजिडेंट्स का लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है। इस बार सीनियर डॉक्टर्स ने इस हड़ताल का समर्थन नहीं किया है।

एसएमएस अस्पताल में हड़ताल के चलते बिगड़ी व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए 50 अतिरिक्त डॉक्टर लगाए गये हैं। स्टाइपेंड और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने समेत अन्य मांगों को लेकर रेजिडेंट डॉक्टर शनिवार रात 8 बजे से पूर्ण कार्य बहिष्कार कर रहे हैं।

000

देश में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए ई–श्रम पोर्टल शुरू किया गया है। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में इस पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के जरिए असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने श्रमिकों से पोर्टल पर पंजीकरण कराने और उनके लाभ के लिए बनाई गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का फायदा लेने का आग्रह किया। इस पोर्टल का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए बनाई गई विभिन्न सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी को एक ही मंच पर उपलब्ध कराना है।

000

पुलिस शहीद दिवस पर आज प्रदेशभर में शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। जयपुर में राजस्थान पुलिस अकादमी–आरपीए परिसर में हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने देशभर में एक सितम्बर 2023 से इस साल 31 अगस्त तक राष्ट्र सेवा में वीरगति प्राप्त करने वाले 216 पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि देश के अमर शहीद पुलिस कार्मिकों के बलिदान से प्रेराणा लेकर सभी पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी अपने कर्त्तव्य का ईमानदारी से पालन करते हुए देश सेवा का संकल्प लें। कार्यक्रम में शहीद पुलिस कार्मिकों के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर हुआ। इस मौके पर आरपीए में रक्तदान शिविर भी लगाया गया, जिसमें 117 पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने रक्तदान किया। डीजीपी श्री साहू ने आरपीए परिसर में शहीद पुलिस कार्मिकों की याद में पौधारोपण किया। बाद में त्रिमूर्ति सर्किल स्थित पुलिस स्मारक पर भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बांसवाडा, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, चित्तौडगढ और कोटा

में श्रद्धांजलि कार्यक्रमों के अलावा रक्तदान और पौधारोपण के आयोजन हुए। बाडमेर और टोंक में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ ही उनके परिजनों और वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया।

000

प्रदेश में आज कई स्थानों पर बारिश हुई है। पाली जिले के नाना भीमाणा, बेड़ा और भाटूण्ड गांवों में तेज हवाओ के साथ कभी मध्यम तो कभी तेज बारिश हुई। बाड़मेर ज़िले के जालीपा, चूली, भादरेश, बिशाला, नांद, कपूरड़ी, बोथिया और भाडखा सहित आस–पास के गांवों में भी तेज हवा के साथ पानी बरसा। इससे खेतों में कटी हुई फसलों को नुकसान पहुँचा है। इससे पहले कल रात सेड़वा इलाक़े के कई गांवों में बरसात होने से खरीफ की फसलें चौपट हो गईं। भरतपुर में भी आज मौसम का मिज़ाज बदलने से दोपहर बाद बरसात हुई। इस दौरान कहीं–कहीं ओले भी गिरे, जिससे मौसम में ठंडक आ गई। आज जालौर और भीनमाल में भी दोपहर बाद हवा के साथ बारिश हुई, जिससे निचले इलाकों में पानी भर गया। बारिश से बाजरा, मूंग और मोठ की फसलें खराब हुई हैं। वहीं अरंडी के लिए ये बारिश फायदेमंद बताई जा रही है। उधर, सांचौर में कल देर रात हुई बारिश और अंधड़ से खेतों में खड़ी और कटी हुई फसलों को नुकसान हुआ है। जिले के किसानों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन भेजकर विशेष गिरदावरी कराने की मांग की है।

000

राज्य सरकार ने उपनिवेशन क्षेत्र के काश्तकारों को कृषि भूमि आवंटन की बकाया किश्तें एकमुश्त जमा कराने पर ब्याज में शत प्रतिशत छूट देने की घोषणा की है। सरकार ने इस बारे में आदेश जारी किया है। उपनिवेशन विभाग के शासन उपसचिव आर.एन. शर्मा ने बताया कि 31 दिसम्बर 2023 तक की बकाया किस्तें इस साल 31 दिसम्बर तक एकमुश्त जमा करानी होंगी, तब ही ब्याज में छूट की सुविधा मिलेगी।

000

आज विश्व आयोडीन अल्पता दिवस है। ये दिन शरीर में आयोडीन की कमी से होने वाले विकारों से बचाव के बारे में जागरुकता के लिए मनाया जाता है। आयोडीन थायराइड हार्मोन्स का एक महत्वपूर्ण घटक है, जो मेटाबोलिज्म को नियंत्रित करता है। आयोडीन बच्चों और गर्भस्थ शिशु के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। आयोडीन की कमी से शारीरिक वृद्धि पर कई तरह के प्रतिकूल प्रभाव होते हैं। इसकी कमी से दिमागी विकास पर भी असर पड़ता है। सरकार ने आयोडीन की कमी से होने वाले विकारों से निपटने के लिए राष्ट्रीय आयोडीन अल्पता विकार नियंत्रण कार्यक्रम की शुरूआत की है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में इस मौके पर जागरुकता कार्यक्रम हुए।

000